14 ट्रांसफार्मर जब्त किए

छबड़ा (निसं)। सहायक अभियंता सतर्कता बारां, विधुत विभाग छबड़ा और स्थानीय पुलिस बापचा की संयुक्त टीम ने बकाया वसूली अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए आधा दर्जन गांव से 6 लाख से अधिक की बकाया राशि के 3 ट्रांसफार्मर उठाये तथा 14 ट्रांसफार्मर अवैध जब्त किए है। विधुत विभाग की टीम और स्थानीय पुलिस थाना बापचा की संयुक्त कार्यवाही करते हुए क्षेत्र से श्री फ़ेस के 2 तथा सिंगल फेज के 1 ट्रांसफार्मर उठाए जिनमे गोड़ियाचरण से 3.81 लाख पर श्री फेज के 2, उचावद से 1.91 लाख पर सिंगल फेज के 1 तथा मोतीपुरा से 2.30 लाख पर बकाया पर रखे ट्रांसफार्मर को जब्त करने के दौरान हुए विवाद के कारण ट्रांसफार्मर को खुर्द बुर्द किया कुल लगभग 6 लाख की बकाया राशि पर उठाए।

खोया पाया

दिलीप कुमार जैन पुत्र हरिचरण 4-S-12 राजस्थान आवासन मंडल कॉलोनी तलवंडी कोटा का आवंटन पत्र कब्जा पत्र भौतिक कब्जा पत्र निरस्तीकरण पत्र अदेय प्रमाण पत्र अनुज्ञा पत्र कहीं गुम हो गए हैं किसी को मिलने पर सूचित करें।

खोया पाया

आशा अनन्त कुलकर्णी पत्नी अनन्त कुलकर्णी 5-A-10 विज्ञान नगर कोटा का मूल आंवटन पत्र कब्जा पत्र व नो-ड्यूज गुम हो गया हैं किसी को मिलने पर सूचित करें।

कार्यालय (विद्युत) नगर निगम कोटा (राज0)

क्रमांकः– ननिको /वि0/2026/451–457 दिनांक : 14.02.2026

–: अल्पकालीन ई–निविदा सूचना :–

नगर निगम कोटा द्वारा किसी भी सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी विभागों में निम्न कार्य को करने वाले अनुभवी संवेदकों से ई–निविदा पद्धती से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित राशि, निविदा बेचे जाने, प्राप्त करने, अन्य शर्ते एवं जानकारी निगम वेबसाईट http://kotamc.org.com, www.sppp.rajasthan.gov.in & https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

(कार्य की अनुमानित राशि 20.00 लाख रूपये)

NIB code DLB2526B1699 and UBN is: DLB2526GLOB34448

राज.संवाद/सी/25/19984 अधिशाषी अभियंता (वि.)

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ11 विक्रय/2026/749 **विज्ञप्ति** दिनांक : 17.2.26

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा की योजना श्रीनाथपुरम-ए व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 191 को आवंटन/न्यास पत्र क्रमांक 567 दिनांक 09.01.2023 को श्री सुनिल पुत्र श्री सुन्दर को आवंटन किया गया था। उक्त भूखण्ड की विक्रय स्वीकृति जर्ये मुख्तारआम श्रीकृष्ण कान्त पुत्र श्री रामप्रसाद द्वारा कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि इस विक्रय स्वीकृति में किसी को कोई एतराज या आपति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 191 योजना श्रीनाथपुरम-ए व्यावसायिक की विक्रय स्वीकृति श्री सुनिल पुत्र श्री सुन्दर जर्ये मुख्तारआम श्रीकृष्ण कान्त पुत्र श्री रामप्रसाद के नाम जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ 11 विक्रय/2026/679 दिनांक : 05.02.2026

नाम हस्तातंरण वाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा भूखण्ड संख्या 545 बी श्रीनाथपुरम पुनर्वास योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 469 दिनांक 20.06.2011 को श्री कल्याण सिंह पुत्र श्री भैंवर सिंह के नाम आवंटन किया गया था। आवंटी श्री कल्याण सिंह पुत्र श्री भैंवर सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये मुख्तारआम श्री राम कुमार पुत्र श्री धन्ना लाल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 23.07.2014 को श्री कैलाश रेठोदिया पुत्र श्री कन्हैया लाल को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता श्री कैलाश रेठोदिया पुत्र श्री कन्हैया लाल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 14.03.2015 को श्री ओम प्रकाश सेन पुत्र श्री रमाकान्त सेन को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्री ओम प्रकाश सेन पुत्र श्री रमाकान्त सेन द्वारा उक्त भूखण्ड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 545 बी श्रीनाथपुरम पुनर्वास योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीओम प्रकाश सेन पुत्र श्री रमाकान्त सेन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय नगर परिषद बारां

क्रमांक : नपबा/भूमि रूपां/2025/9651-52 **भू उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति** दिनांक : 12.01.2026

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूचना के तहत बनाये गये राजस्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति में रखा जाना प्रस्तावित है। उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम खसरा नं.	जोनल प्लान (जॉन बी) में भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल	विशेष विवरण
1.	श्री हर्ष विजय पुत्र श्री विनोद कुमार विजय निवासी श्रीजी चौक बारां तह. बारां जिला बारां (राज.)	नलका खसरा नं. 878/877 भूखंड संख्या संख्या 6-बी नलका बाई पास रोड बांरा	सड़क मार्गाधिकार के बाद मिश्रित पश्चात आवासीय	आवासीय से व्यवसायिक	515.15 वर्गमीटर में से 245.35 वर्गमीटर	

आयुक्त नगर परिषद बारां

कार्यालय नगर परिषद बारां

क्रमांक : नपबा/भूमि रूपां/2025/9647-48 **भू उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति** दिनांक : 12.01.2026

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूचना के तहत बनाये गये राजस्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति में रखा जाना प्रस्तावित है। उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम खसरा नं.	जोनल प्लान (जॉन बी) में भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल	विशेष विवरण
1.	श्री विनोद कुमार विजय पुत्र श्री नवल किशोर विजय निवासी श्रीजी चौक बारां तह. बारां जिला बारां (राज.)	नलका खसरा नं. 878/877 भूखंड संख्या संख्या बी -6 नलका बाई पास रोड बांरा	सड़क मार्गाधिकार के बाद मिश्रित पश्चात आवासीय	आवासीय से व्यवसायिक	515.15 वर्गमीटर में से 245.35 वर्गमीटर	

आयुक्त नगर परिषद बारां

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2026/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 2026

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम देवली अरब खसरा नं. 1563/89 में स्थित कृषि भूमि योजना उत्तम नगर भूखण्ड संख्या 272, 273 आवेदक/आवेदिका श्रीमती क्षमा चतुर्वेदी पत्नि स्व. श्री चन्द्रकान्त चतुर्वेदी निवासी-272 उत्तम नगर, देवली अरब रोड, बोरखेडा कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 360 दिनांक 08.01.2013 को चन्द्रकान्त चतुर्वेदी पत्नि श्री हुकमचन्द चतुर्वेदी के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी चन्द्रकान्त चतुर्वेदी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 17.05.2021 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पत्नि क्षमा चतुर्वेदी, पुत्र सुमित चतुर्वेदी, नितिन चतुर्वेदी, पुत्री रितु चतुर्वेदी है। वारिसान सुमित चतुर्वेदी, नितिन चतुर्वेदी, रितु चतुर्वेदी द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 14.06.2024 को आवेदिका के पक्ष में किया गया है। अतः श्रीमती क्षमा चतुर्वेदी पत्नि स्व. श्री चन्द्रकान्त चतुर्वेदी के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2026/2108 **विज्ञप्ति** दिनांक : 17.2.2026

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम तेखडा में स्थित कृषि भूमि योजना प्रताप नगर प्रथम भूखण्ड संख्या 109 खसरा नं. 21, 26 आवेदक/आवेदिका श्री हर्ष देव चौधरी पुत्र स्व. सुरेन्द्र कुमार चौधरी निवासी म.नं. 9 सरस्वती कॉलोनी पुलिस लाईन कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 903 दिनांक 31.12.2020 को सुरेन्द्र कुमार चौधरी पुत्र श्री शंकर सिंह के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 02.12.2024 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज अनुसार मृतक के विधिक वारिसान पत्नि नीरा चौधरी, पुत्र हर्ष देव चौधरी है। वारिसान नीरा चौधरी द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 27.01.2025 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री हर्ष देव चौधरी पुत्र स्व. सुरेन्द्र कुमार चौधरी के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2026/2109 **विज्ञप्ति** दिनांक : 17.2.2026

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम तेखडा में स्थित कृषि भूमि योजना प्रताप नगर प्रथम भूखण्ड संख्या 110 खसरा नं. 21, 26 आवेदक/आवेदिका श्री हर्ष देव चौधरी पुत्र स्व. सुरेन्द्र कुमार चौधरी निवासी म.नं. 9 सरस्वती कॉलोनी पुलिस लाईन कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 904 दिनांक 31.12.2020 को सुरेन्द्र कुमार चौधरी पुत्र श्री शंकर सिंह के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 02.12.2024 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज अनुसार मृतक के विधिक वारिसान पत्नि नीरा चौधरी, पुत्र हर्ष देव चौधरी है। वारिसान नीरा चौधरी द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 27.01.2025 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री हर्ष देव चौधरी पुत्र स्व. सुरेन्द्र कुमार चौधरी के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

जेईई मेंस में मोशन एजुकेशन के स्टूडेंट्स का दबदबा

■ मोशन एजुकेशन के स्टूडेंट्स ने सफलता का जश्न मनाया

कोटा, (निसं)। जेईई मेन-2026 सेशन-1 के रिजल्ट में मोशन एजुकेशन के स्टूडेंट्स ने शानदार सफलता अर्जित की है। स्टूडेंट्स की सफलता पर मंगलवार शाम द्रोणा कैम्पस में शानदार जश्न मनाया गया।

मोशन एजुकेशन के फाउंडर और एजुकेटर नितिन विजय ने बताया कि मोशन के स्टूडेंट्स ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। हमारे 75 विद्यार्थियों ने 99.5 पर्सेंटाइल से ज्यादा अंक हासिल किए हैं। जहां राष्ट्रीय स्तर पर दस प्रतिशत स्टूडेंट्स ने 90 परसेंटाईल से अधिक अंक हासिल किए हैं, वहीं मोशन के 30 प्रतिशत स्टूडेंट ने 90 परसेंटाइल से अधिक नंबर अर्जित किए हैं। मोशन के 8532 स्टूडेंट्स ने जेईई एग्जाम दिया था, उनमें से 2815 ने 90 परसेंटाईल से अधिक अंक हासिल किए हैं। इस तरह राष्ट्रीय स्तर के मुकाबले मोशन के तीन गुना विद्यार्थी सफल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मोशन के सुशांतकुमार अग्रवाल ने 99.99 (मैथ्स और फिजिक्स में 100 पर्सेंटाईल), आदित्य झा ने 99.95 (फिज़िक्स में 100 परसेंटाइल), आलोक यादव ने 99.94, देवांश पटेल और सोहम गुप्ता ने 99.93, प्रतीक्षा शर्मा और सुरभी सिन्हा ने 99.92, पुलकित सभरवाल ने 99.90, रक्षक सिंह सरयाम और प्रियांश भारद्वाज ने 99.87 स्कोर हासिल किया।

अद्रिराज साहा त्रिपुरा के स्टेट टॉपर रहे। अद्रिराज ने 99.86 परसेंटाइल स्कोर किए।

नव्य मोहता और आरुष राय मोहपात्रा ने भी 99.86 पर्सेंटाइल हासिल किऐं। इनके अलावा सार्थक पति और नीव अग्रवाल ने 99.85, दिव्यांश मिश्रा ने 99.84, अनीश अग्रवाल और प्रणव त्रिपाठी ने 99.83, ऋषि केशव ने 99.82, आयुष आनंद ने 99.81, प्रोमित गुप्ता और गोकुल गर्ग ने 99.80 परसेंटाईल अंक हासिल किए हैं। इंद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र के द्रोणा कैंपस पर टॉपर्स का भव्य स्वागत हुआ और जेईई मेन सफलता का जश्न मनाया गया। डायरेक्टर डॉ.स्वाति विजय, जॉइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी और डिप्टी डायरेक्टर निखिल श्रीवास्तव की मौजूदगी में छात्र-फैकल्टी ने ढोल-आतिशबाजी से खुशी व्यक्त की।

पहलवान को सम्मानित किया

कोटा, (निसं)। अविनाश चौधरी ने राष्ट्रीय सीनियर फेडरेशन की कुश्ती प्रतियोगिता में राजस्थान की ओर से प्रतिनिधित्व किया 86 फ्री स्टाईल किलोग्राम वर्ग में राजस्थान को कांस्य पदक दिलाया, ये पहलवान श्री बजरंग व्यायामशाला अंतर्राष्ट्रीय रेफरी व कोच रविन्द्र पहलवान एश्रिया गोल्ड मेडल के पास प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। यह प्रतियोगिता 12 फरवरी से 14 फरवरी 2026 तक गाजियाबाद उत्तरप्रदेश में सम्पन्न हुई। शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल, कोटा के निदेशक महेश गुप्ता ने पहलवान का स्वागत सम्मान स्कूल के बच्चों के बीच किया ताकि बच्चों का मनोबल बढ़े, वे आगे चलकर देश व स्कूल का नाम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर सकें। शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल निदेशक ने पहलवान को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर पहलवान के उज्ज्वल भविष्य की कामना कि और पहलवान को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

सार-समाचार

कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप ने दस माह में 6189 वैगनों की पीरियोडिक ओवरहॉलिंग की

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल स्थित कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम दस माह में उल्लेखनीय कार्य निष्पादन करते हुए कुल 6189 वैगनों की पीरियोडिक ओवरहॉलिंग (पीओएच) की गई है। यह उपलब्धि कार्यशाला के मुख्य कारखाना प्रबंधक के मार्गदर्शन में प्राप्त की गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल एवं कोटा स्थित रेल कारखानों में कुल 7230 कोचों/वैगनों की पीरियोडिक ओवरहॉलिंग की गई, जिनमें से 6189 वैगनों का अनुरक्षण कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप में किया गया। उन्होंने बताया कि केवल जनवरी माह में कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप द्वारा 620 वैगनों की पीरियोडिक ओवरहॉलिंग की गई। यह प्रदर्शन गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में 3 प्रतिशत अधिक है, जो कार्यशाला की दक्षता एवं कार्यकुशलता को दर्शाता है। पीरियोडिक ओवरहॉलिंग के दौरान वैगनों की बॉडी एवं अंडर गियर की व्यापक मरम्मत की जाती है, जिससे परिचालन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त बोगी के विभिन्न पुर्जों की मरम्मत एवं अनुरक्षण किया जाता है, जो सुरक्षित संचालन के लिए अत्यंत आवश्यक है।

3 घण्टे बंद रहेगी बिजली

छबड़ा (निसं)। 132 केवी कोलूखेड़ी जीएसएस पर मेन बस बार पर मरम्मत कार्य होने के कारण सम्बंधित जीएसएस कडैयानोहर, पाली, फलिया, गेंहूखेडी, सेवनखेडी, कडैयाचोर, केलखडी, घाटाखेडी से संचालित 11 केवी फीडर की विधुत आपूर्ति बुधवार को 3 घण्टे बाधित रहेगी। सहायक अभियंता 132 केवी कोलूखेड़ी आरके परेता ने बताया कि 132 केवी कोलूखेड़ी जीएसएस पर मेन बस बार पर मरम्मत कार्य होने के कारण 132 केवी कोलूखेड़ी से संचालित छबडा तहसील के 33 केवी के जीएसएस केलखेड़ी, कडियाचोर, गेंहूखेडी, घाटखेडी, पाली, फलिया, कडियानोहर और सेवनखेडी से संचालित समस्त 11 केवी फीडर की विद्युत आपूर्ति बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक 3 घंटे तक बाधित रहेगी।

35 वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर नेत्रदान संकल्प

कोटा, (निसं)। शाईन इंडिया फाउंडेशन के नेत्रदान जागरुकता अभियान से प्रेरित होकर रंगबाड़ी विस्तार योजना निवासी कैलाश जैन (एडिशनल वाईस प्रेसिडेंट-डीसीएम) ने अपनी धर्मपत्नी रेखा जैन के साथ विवाह की 35वीं वर्षगांठ पर नेत्रदान का संकल्प पत्र भरा। थोड़े समय पहले कैलाश ने, अपने विभाग के लीलाधर माहेश्वरी की माता स्व.दया बाई लड्डा के नेत्रदान के उपरांत, पूरी प्रक्रिया को जाना समझा था।

'मानसून पूर्व नालों की सफाई के लिए तैयार करें'

कोटा, (निसं)। मानसून के दौरान शहर के नाले ओवरफ्लो नहीं हों, इसके लिए निगम ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने मंगलवार को जवाहर नगर और तलवंडी क्षेत्र में नाला सफाई निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि सम्पूर्ण कोटा नगर निगम क्षेत्र में नालों की सफाई का शेडयूल अविलम्ब तैयार करें।

आयुक्त मेहरा ने मंगलवार को सबसे पहले मॉडर्न स्कूल के पीछे और फिर आरएसी क्षेत्र में चेन माउटेंड मशीन से किए जा रहे नाला सफाई कार्य को देखा। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी रिचा गौतम को निर्देश दिए कि मशीन का पूर्ण क्षमता से उपयोग किया जाए। इस बात पर नजर रखी जाए कि मशीन किसी भी समय खाली नही खड़ी रहे।

जेईई में रेज़ोनेंस ने फिर लहराया अपना परचम

कोटा, (निसं)। रेजोनेंस ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की है। हाल ही में घोषित जेईई मैन-2026 जनवरी सत्र के परिणामों में रेजोनेंस के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। संस्थान से कुल 105 विद्यार्थियों ने (99 क्लासरूम 6 दूरस्थ) 99 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित किए हैं, जिससे उन्होंने जेईई एडवांस्ड परीक्षा में उत्कृष्ट रैंक हेतु अपनी मजबूत दावेदारी सुनिश्चित की है। कोटा केन्द्र से सफल विद्यार्थियों में स्नेहिल आनंद (99.9924416), वंश अरोड़ा (99.9501285), हर्षवर्धन रघुवंशी (99.8778898), दिव्यांश अग्रवाल (99.8381853), कुलवीर सिंह (99.8277885), स्वयंदीप साहू (99.7905524), पारिजात चतुर्वेदी (99.7868529), अनुपम पाल (99.7827488), आदित्य राज (99.6901144), हर्ष अग्रवाल (99.6800322), गौतम आनंद (99.5962123) लक्ष्य शुक्ला (99.4840725), अनंत त्रिपाठी (99.4149380), पार्थ कुमार (99.3631558), मयंक राज (99.3347760), आदित्य आनंद (99.2638111), प्रथम सुमन (99.2344896), नमन मित्तल (99.2319791), उज्ज्वल कुमार (99.1253553), ने कक्षा 12वीं के साथ यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। रेज़ोनेंस के अन्य शिक्षण केंद्रों से भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर प्राप्त कर संस्थान की गुणवत्ता को प्रमाणित किया है। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ इस सफलता का उत्सव मनाया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक आर. के. वर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, अनुशासन एवं संस्थान के अनुभवी मार्गदर्शन का परिणाम है।

उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं पर पूर्ण एकाग्रता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। रेज़ोनेंस द्वारा विद्यार्थियों के लिए जेईई मैन अप्रैल प्रयास में प्रदर्शन को और बेहतर बनाने हेतु निःशुल्क विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। इच्छुक विद्यार्थी अपना नाम 73400-10345 पर व्हाट्सऐप के माध्यम से भेजकर इस विशेष सुविधा का लाभ ले सकते हैं। यह सुविधा वर्ष 2026 में परीक्षा देने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध है।

मोदी लॉ कॉलेज में दीक्षांत व विदाई समारोह आयोजित

कोटा, (निसं)। मोदी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन द्वारा संचालित नयागांव स्थित मोदी लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह व विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि के रूप में जिला व सत्र न्यायाधीश सत्यनारायण व्यास, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आज़म खान, डॉ. अरुण कुमार शर्मा पूर्व डीन विधि संकाय कोटा विश्वविद्यालय, डॉ.प्रोफेसर आर. के.उपाध्यक्ष प्राचार्य राजकीय विधि महाविद्यालय कोटा, प्रवीण भार्गव परीक्षा नियंत्रक कोटा विश्वविद्यालय, सुशील मोदी चेयरमेन मोदी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन एवं राघव मोदी ग्रुप निदेशक, एडवोकेट कल्पना शर्मा सहित डॉ.क्षिप्रा गुप्ता, प्राचार्या, मोदी लॉ कॉलेज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला व सत्र न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को सदैव पूरी सच्चाई के साथ निरंतर कर्म करने का संदेश दिया। डॉ.अरुण कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की विधि की उपाधि प्राप्त करने के उपरांत सभी को इस जिम्मेदारी का बोध होना चाहिए कि हमें भविष्य में अपने कार्य के साथ हमेशा न्यायोचित रहना हैं। डॉ.आरके उपाध्याय ने विद्यार्थियों को कहा की विधि की डिग्री एक सामान्य डिग्री नहीं है वरन यह देश के भविष्य के निर्माताओं को तैयार करती है। चेयरमेन सुशील मोदी के अनुसार सभी विद्यार्थियों के जीवन में उपाधि और विदाई प्राप्त करना दोनों ही अवसर महत्वपूर्ण हैं। राघव मोदी ने बताया कि इस अवसर पर 105 विद्यार्थियों ने विधि की उपाधि प्राप्त की जो की एक अविस्मरणीय अवसर हैं।

आज गूंजेगा बजरंगबली का जयघोष

रामगंजमंडी, (निसं)। गत वर्ष की भांति इस साल भी रामगंजमंडी के बालाजी मंदिर में बुधवार, 18 फरवरी को द्वितीय झंडा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन समिति के सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ तैयारियों को अंतिम रूप दिया। विगत दो महीने से आयोजन समिति के सदस्य गांव-गांव जाकर झंडा मंडलियों को पीले चावल देकर आमंत्रित कर रहे थे जो ग्रामीण धार्मिक परंपरा का प्रतीक भी माना जाता है। नगर में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह का माहौल है।

इस अवसर पर 18 फरवरी को शाम 6 बजे से निकलने वाली झंडा यात्रा स्टेशन चौराहा बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर शाहजी तिराहा, छोटे गोवर्धननाथ मंदिर, ब्रह्मपुरी मोहल्ला, धन्नालाल केसरीलाल तिराहा, बाजार नंबर 5, माल गोदाम चौराहा, बाजार नंबर 4, पन्नालाल चौराहा और आंबेडकर सर्किल होते हुए पुनः बालाजी मंदिर पहुंचेगी।

पूरे मार्ग में 100 से अधिक भजन मंडलियां बजरंगबली के जयकारों और भजनों से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगी। झंडा यात्रा के दौरान तकरीबन हर दस कदम पर अलग-अलग झंडा टोली के सदस्य ढोल-नगाड़ों की थाप और भजनों पर झूमते-गाते नजर आएंगे। आयोजन के दौरान बालाजी मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा की जाएगी तो वहीं शहर के विभिन्न स्थानों पर मंच तैयार किए जाएंगे जहां मंडलियां अपने भजन प्रस्तुत करेंगी। नगर के प्रमुख तिराहों और चौराहों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा झंडा मंडलियों का ध्वजा पूजन पुष्पवर्षा और अल्पाहार के साथ स्वागत किया जाएगा।

झंडा सम्मेलन को लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने आयोजन समिति और रामगंजमंडी वासियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्म का यह उत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, श्रद्धा और सामाजिक परंपराओं का जीवंत उत्सव है।

ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त बनाने का कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजन की सफलता की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।

जेईई मेन 2026 में आकाश का ऐतिहासिक प्रदर्शन

कोटा, (निसं)। एनटीए द्वारा घोषित जे ई ई मेन 2026 जनवरी सेशन के परिणामों में आकाश इंस्टीट्यूट राजस्थान केंद्रों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। यह उपलब्धि केवल आकाश राजस्थान के विभिन्न केंद्रों के क्लासरूम विद्यार्थियों से संबंधित है। अब तक जाँचे गए परिणामों के अनुसार पर्सेंटाइल में 2 विद्यार्थी ने 99.9 पर्सेंटाइल से अधिक, 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 99.5 पर्सेंटाइल से उच्च, 60 विद्यार्थियों से अधिक ने 99 पर्सेंटाइल से उच्च स्कोर प्राप्त किया है।

संस्था के उपलक्ष्य गोयल ने फिजिक्स विषय में 100 पर्सेंटाइल, यथर्व अग्रवाल एवं वैभव उतरेजा ने 99.9 परसेंटाइल प्राप्त कर संस्था की शिक्षा प्रणाली की सफलता को सिद्ध किया है। यह परिणाम आकाश राजस्थान की मजबूत अकादमिक प्रणाली, अनुभवी फैकल्टी, नियमित टेस्ट प्रैक्टिस एवं व्यक्तिगत मार्गदर्शन का प्रतिफल है। नतीजों की जांच जारी है और इन आँकड़ों में और वृद्धि की संभावना है।

राजस्थान के शैक्षणिक हब कोटा स्थित आकाश केंद्र के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कोटा केंद्र के अभी तक के सर्वश्रेष्ठ पर्सेंटाइल अर्जित किए हैं। 6 से अधिक क्लासरूम विद्यार्थियों ने 99 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त किए। कोटा केंद्र की अनुशासित कक्षा प्रणाली, गहन अभ्यास एवं निरंतर मूल्यांकन पद्धति ने विद्यार्थियों को श्रेष्ठ परिणाम दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आकाश राजस्थान के रीजनल डायरेक्टर अखिलेश दीक्षित ने कहा कि जेईई मेन जनवरी सेशन के परिणाम हमारे विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, वन टू वन केयर, नियमित अभ्यास और व्यक्तिगत मार्गदर्शन के माध्यम से साधारण विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रेरित करते रहेंगे। हमें विश्वास है कि आगामी प्रयासों में भी आकाश राजस्थान के विद्यार्थी और बेहतर परिणाम देंगे।